मुख्यमंत्री ने बेहतर प्रदर्शन करने वाले स्कूलों को मुख्यमंत्री ट्रॉफी दी और मेधावी छात्रों को पुरस्कृत किया

चर्चा में क्यों?

5 सितंबर, 2022 को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शिक्षक दिवस के अवसर पर मुख्य सेवक सदन में आयोजित समारोह में बेहतर प्रदर्शन करने वाले स्कूलों को मुख्यमंत्री ट्रॉफी दी और मेधावी छात्रों को पुरस्कृत किया।

प्रमुख बिंदु

- मुख्यमंत्री ने 'पं. दीनदयाल उपाध्याय शैक्षिक उत्कृष्टता पुरस्कार योजना'के तहत इंटरमीडिएट स्तर पर आईपी इंटर कॉलेज लक्सर हरिद्वार, ग्लोरियिल एचएस डीडीहाट पिथौरागढ़, डीएनपीएसएस स्कूल भतरौजखान अल्मोड़ा एवं हाईस्कूल स्तर पर देवभूमि चिल्ड्रेन एकेडमी एचएसएस संकला रुद्रप्रयाग, ग्लोरिया एचएस डीडीहाट पिथौरागढ़ और एमडीएसपी स्कूल लंबगांव टिहरी गढ़वाल को मुख्यमंत्री ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया।
- उत्तराखंड बोर्ड की 12वीं परीक्षा में पहले स्थान पर रही एसवीएमआईसी मायापुर हरिद्वार की छात्रा दिया राजपूत, एसपीवीएमआईसी गोपेश्वर चमोली के अंशुल बहुगुणा, विवेकानंद वीएमआईसी मडलसेरा बागेश्वर के सुमित सिंह मेहता एवं एसवीएमआईसी जसपुर ऊधमसिंह नगर के दर्शित चौहान को पुरस्कार मिला।
- हाईस्कूल स्तर पर सुभाष इंटर कॉलेज थौलधार टिहरी गढ़वाल के मुकुल सिल्सवाल, एसएसएस ब्रह्मखाल उत्तरकाशी के आयुष अवस्थी, सुभाष इंटर कॉलेज थौलधार टिहरी के आयुष जुयाल एवं विवेकानंद वीएमआईसी मंडलसेरा बागेश्वर की रबीना कोरंगा को पुरस्कृत किया गया।
- इस अवसर पर शिक्षा मंत्री डॉ.धन सिंह रावत ने कहा कि प्राथमिक शिक्षा को डिजिटल माध्यम से जोड़ने के लिये 22 हज़ार प्राथमिक शिक्षकों को टैबलेट दिये जाएंगे। इसके अलावा एक हज़ार विज्ञान शिक्षकों को राष्ट्रीय विज्ञान संस्थान बंगलूरू में शैक्षणिक प्रशिक्षण दिया जाएगा, ताकि विज्ञान के क्षेत्र में छात्र-छात्राओं को और बेहतर ढंग से शिक्षा दी जा सके।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/chief-minister-s-trophy-to-the-best-performing-schools-and-prizes-to-meritorious-students